राजस्थान पत्रिका

રાજસ્થાન પત્રિકા (અમદાવાદ આવૃત્તિ)

પેજ નંબર :-2

તારીખ :- **13/08/2024**

एनआईआरएफ रैंकिंग 2024 : आर्किटेक्चर में सेप्ट छठे, जीएनएलयू आठवें स्थान पर

प्रबंधन में आईआईएम-ए नंबर 1, ओपन यूनिवर्सिटी में बीएओयू तीसरी

पत्रिका न्यूज नेटवर्क
patrika.com

अहमदाबाद. भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी की गई नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2024 में प्रबंधन श्रेणी में भारतीय प्रबंध संस्थान-अहमदाबाद (आईआईएम-ए) देश में अव्वल रहा है। यह लगातार पांचवां साल है, जब संस्थान ने अपनी शीर्ष रैंकिंग बरकरार रखी है। ओपन यूनिवर्सिटी की श्रेणी में डॉ.बाबा साहेब अंबेडकर ओपन यूनिवर्सिटी अहमदाबाद को देश में तीसरा स्थान प्राप्त हुआ है। इस वर्ष पहली बार ओपन यूनिवर्सिटी की श्रेणी जोड़ी गई है।

आर्किटेक्चर श्रेणी में अहमदाबाद स्थित सेप्ट यूनिवर्सिटी ने देश में छठा स्थान पाया है, जबकि लॉ श्रेणी में देश के टॉप-40 संस्थानों में गुजरात नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी (जीएनएलयू) को आठवां स्थान मिला है। मेडिकल संस्थानों की बात करें तो अहमदाबाद के सिविल अस्पताल स्थित गुजरात कैंसर रिसर्च इंस्टीट्यूट (जीसीआरआई) को 45वीं रैंक और डेंटल कॉलेज श्रेणी में इसी अस्पताल में स्थित सरकारी डेंटल कॉलेज अहमदाबाद को 34वीं रैंक मिली है। इनोवेशन यूनिवर्सिटी की श्रेणी, स्किल यूनिवर्सिटी की श्रेणी, कॉलेज की श्रेणी में गुजरात से एक भी संस्थान को जगह नहीं मिली है।

नई दिल्ली में केन्द्रीय शिक्षामंत्री धर्मेन्द्र प्रधान के हाथों देश के सर्वश्रेष्ठ प्रबंध संस्थान का प्रमाण-पत्र प्राप्त करते आईआईएम-ए निदेशक प्रो.भरत भास्कर।

ओवर ऑल टॉप-100 में राज्य के दो संस्थान

देश के ओवर ऑल टॉप-100 शिक्षा संस्थानों में गुजरात से दो संस्थानों को जगह मिली है। इनमें आईआईटी गांधीनगर को 29वीं जबकि गुजरात यूनिवर्सिटी (जीयू) को 94वीं रैंक मिली।

लगातार पांचवीं बार अव्वल रहना खुशी की बात : भास्कर

आईआईएमए के निदेशक प्रोफेसर भरत भास्कर ने कहा कि हम प्रबंधन शिक्षा और अनुसंधान में उच्चतम मानकों को बनाए रखने के लिए प्रतिबद्ध हैं। लगातार पांचवीं बार देश के सर्वश्रेष्ठ प्रबंधन संस्थान के रूप में पहचान मिलना खुशी की बात है। यह सम्मान प्राध्यापकों की बेहतर शिक्षा और अग्रणी शोध को रेखांकित करता है।

जीयू की रैंकिंग 9, आईआईटी गांधीनगर की पांच स्थान फिसली

आईआईटी गांधीनगर, गुजरात विवि की रैंकिंग गिरी

अहमदाबाद@पत्रिका. भारत सरकार के शिक्षा मंत्रालय की ओर से सोमवार को जारी नेशनल इंस्टिट्यूशनल रैंकिंग फ्रेमवर्क (एनआईआरएफ) 2024 में ओवर ऑल केटेगरी में भारतीय प्रौद्योगिकी संस्थान (आईआईटी) गांधीनगर और गुजरात यूनिवर्सिटी (जीयू) ने टॉप-100 में जगह बनाई है। हालांकि इस वर्ष की ओवर ऑल रैंकिंग में इन दोनों ही संस्थानों की रैंकिंग गिरी है। आईआईटी गांधीनगर की रैंकिंग में 2023 के मुकाबले 2024 में पांच स्थान की गिरावट आई है। 2023 में आईआईटी गांधीनगर की रैंकिंग 24वीं थी, जबकि 2024 में यह 29वें स्थान पर रही।

जीयू ने रैंकिंग गिरावट में लगाई हैट्रिक, पर्सेप्शन बेहद खराब : जीयू की ओवर ऑल रैंकिंग में लगातार तीसरी साल गिरावट आई है। वर्ष 2023 की तुलना में 2024 में जीयू की रैंकिंग में 9 स्थानों की बड़ी गिरावट आई है। 2023 में 85वीं, 2022 में 73वीं, वर्ष 2021 में 62 रैंकिंग थी वहीं 2024 में 94वीं रैंक है। यह स्थिति तब है जब जीयू इंटरनेशनल यूनिवर्सिटी और संस्थाओं के साथ एमओयू कर रही है। शिक्षा की गुणवत्ता और रिसर्च में सुधार के लिए बड़े-बड़े कदम उठाने के दावे हो रहे हैं। रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रेक्टिस (आरपीसी) श्रेणी में जीयू 100 में से केवल 17.53 अंक पा सकी है। परसेप्शन में से सिर्फ 4 अंक हैं। ग्रेजुएशन आउटकम में 81.99 अंक, टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेज में 67.97 अंक पाए हैं। ऐसे में ओवर ऑल 48.16 स्कोर के साथ जीयू 94वें स्थान पर रहा।

गुजरात यूनिवर्सिटी।

आईआईटी गांधीनगर भी रिसर्च एंड प्रोफेशनल प्रेक्टिस (आरपीसी) और परसेप्शन के मामले में पीछे है। आरपीसी में संस्थान ने 100 में से 41.53, परसेप्शन में 24.82, ग्रेजुएशन आउटकम में 69.97, टीचिंग, लर्निंग एंड रिसोर्सेज में 76.40 अंक पाए हैं। ऐसे में ओवर ऑल 58.77 स्कोर के साथ आईआईटी गांधीनगर 29वें स्थान पर रहा।

कमजोरी सुधारने की कोशिश

हम बीते पांच सालों से लगातार टॉप-100 में अपना स्थान बनाए रखे हैं। हम अपनी कमजोरी को चिन्हित कर उसे सुधारने की भी लगातार कोशिश कर रहे हैं।

-जीयू के एक अधिकारी

इंजीनियरिंग में हम 18वें स्थान पर

ओवर ऑल श्रेणी में हमने 29वीं रैंक पाई है। इंजीनियरिंग श्रेणी में हम 18वें स्थान पर हैं।

-प्रो.रजत मूना, निदेशक-आईआईटी गांधीनगर